an>

Title: Need to revive closed spinning and sugarmills in Sandila in Misrikh Parliamentary Constituency.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के कस्बा सण्डीला की तरफ आकर्षित करना चाहूँगी जहाँ पर कताई मिल और शुगर मिल बंद पड़ी हैं। ये क्यों बंद पड़ी हैं इसके लिए केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब करे। सण्डीला स्थित जो कताई मिल और चीनी मिल बंद पड़ी है, उसमें काम करने वाले मज़दूरों के लिए रोज़गार की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? मैं सरकार से यही मांग करती हूँ कि ये दोनों मिलें पुनः चालू कराई जाएँ और वहाँ के बेरोज़गार मज़दूरों के लिए वैकल्पिक रोज़गार की व्यवस्था हो। धन्यवाद।